# आपको यह बताते हुए "सद्भावना अनुमान"(Good Faith Estimate) प्राप्त करने का अधिकार है कि आपकी चिकित्सा देखभाल पर कितना खर्च आएगा

कानून के तहत, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को उन मरीज़ों को चिकित्सा वस्तुओं और सेवाओं के बिल का अनुमान देना होता है, **जिनके पास बीमा नहीं है या जो बीमा का उपयोग नहीं कर रहे हैं।**

- आपको किसी भी गैर-आपातकालीन वस्तुओं या सेवाओं की कुल अपेक्षित लागत के लिए एक सद्भावना अनुमान (Good Faith Estimate) प्राप्त करने का अधिकार है। इसमें चिकित्सा परीक्षण, डॉक्टर के पर्चे की दवाएँ, उपकरण और अस्पताल शुल्क जैसी संबंधित लागतें शामिल हैं।

- सुनिश्चित करें कि आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको आपकी चिकित्सा सेवा या आइटम से कम से कम 1 व्यावसायिक दिन पहले लिखित रूप में एक सद्भावना अनुमान (Good Faith Estimate) देता है। आप किसी आइटम या सेवा को शेड्यूल करने से पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, और आपके

द्वारा चुने गए किसी भी अन्य प्रदाता से सद्भावना अनुमान (Good Faith Estimate) की माँग भी कर सकते हैं।

- अगर आपको कोई बिल मिलता है जो आपके सद्भावना अनुमान (Good Faith Estimate) से कम से कम $400 ज़्यादा है, तो आप बिल पर विवाद कर सकते हैं।

- अपने सद्भावना अनुमान (Good Faith Estimate) की एक प्रति या पिक्चर को ज़रूर सहेज कर रखें।

सद्भावना अनुमान (Good Faith Estimate) के अपने अधिकार के बारे में प्रश्नों या अधिक जानकारी के लिए, www.cms.gov/nosurprises पर विज़िट करें या 1-800-985-3059 पर कॉल करें।



CommonSpirit